JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

Vikash (HM)

**Series RLH**

**SET-2**

कोड नं. **32/2**
Code No.

रोल नं.
Roll No. | | | | | 1 | 4 | 6 |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

JSUNIL TUTORIAL
jsuniltutorial.weebly.com/

# संकलित परीक्षा – II
# SUMMATIVE ASSESSMENT – II
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 90*
*Maximum Marks : 90*

JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

1. मान लीजिए कि आपके माता-पिता आपके साथ सोने के आभूषण खरीदना चाहते हैं; तो इसके लिए आप आभूषणों पर कौन-सा शब्दचिह्न (लोगो) देखना चाहोगे ? *1*

Suppose your parents want to purchase Gold jewellery along with you; then which logo will you look for on the jewellery ?

2. 'राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धा परिषद्' की स्थापना क्यों की गई है ? *1*

Why has the 'National Manufacturing Competitiveness Council' been set up ?

3. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धान्त क्या है ? *1*

What is the guiding philosophy of Bharatiya Janata Party ?

QUESTION PAPER @2016 For SA2

4. विनिमय की प्रक्रिया में मुद्रा किस प्रकार माध्यम का काम करती है ? *1*

JSUNIL TUTORIAL

How does money act as a medium of exchange ?

www.jsuniltutorial.weebly.com/

5. आप यह कैसे कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ राजनीतिक समानता पर आधारित होती हैं ? *1*

How can you say that democracies are based on political equality ?

6. व्यापार अवरोधक से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by trade barrier ?

7. राजनीतिक दलों में पक्षपात क्यों विकसित होता है ? *1*

Why do political parties involve partisanship ?

8. फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

**अथवा**

यातना शिविरों का क्या अर्थ है ? *1*

What was the main aim of the French revolutionaries ?

**OR**

What is the meaning of concentration camps ?

9. उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि क्षतिपूर्ति निवारण के अधिकार का आप किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं ।

Explain with an example how you can use the right to seek redressal.

10. देहात में असहयोग आन्दोलन के फैलने का वर्णन कीजिए ।

Describe the spread of Non-Cooperation Movement in the countryside.

11. "विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाज़ारों को आपस में जोड़ता है ।" कथन के पक्ष में तर्क दीजिए ।

QUESTION PAPER @2015 For SA2

"Foreign trade integrates the markets in different countries." Support the statement with arguments.

JSUNIL TUTORIAL

12. भारत में जलमार्गों की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

www.jsuniltutorial.weebly.com/

Describe any three features of waterways in India.

13. आधुनिक मुद्रा को, जिसका अपना कोई उपयोग नहीं है, विनिमय का माध्यम क्यों स्वीकार किया जाता है ? कारण ज्ञात कीजिए ।

Why is modern currency accepted as a medium of exchange without any use of its own ? Find out the reason.

14. "चुनौती प्रगति के लिए एक सुअवसर है ।" इस कथन के पक्ष में अपने तर्क दीजिए ।

"A challenge is an opportunity for progress." Support the statement with your arguments.

15. धन बल और बाहु बल किस प्रकार चुनावों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

How do money and muscle power play an important role in elections ? Explain.

16. यूरोप में संस्कृति के माध्यम से राष्ट्रवाद किस प्रकार विकसित हुआ ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

पॉल बर्नार्ड ने वियतनाम के आर्थिक विकास के पक्ष में किस प्रकार के तर्क प्रस्तुत किए ? स्पष्ट कीजिए ।

How did nationalism develop through culture in Europe ? Explain.

**OR**

How did Paul Bernard argue in favour of economic development of Vietnam ? Explain.

Kaushtha

17. उपनिवेशवाद के विरुद्ध 'नमक यात्रा' किस प्रकार एक प्रभावी हथियार बनी ? स्पष्ट कीजिए । 3

How did 'Salt March' become an effective tool of resistance against colonialism ? Explain.

18. 'छोटानागपुर पठारी क्षेत्र' में लोहा और इस्पात के अधिकांश उद्योग संकेंद्रित क्यों हैं ? कारणों का विश्लेषण कीजिए । 3×1=3

QUESTION PAPER @2015 For SA2

Why has the 'Chhotanagpur Plateau Region' the maximum concentration of iron and steel industries ? Analyse the reasons.

JSUNIL TUTORIAL

19. भारत में ऊर्जा की समस्या को सौर ऊर्जा कैसे कुछ हद तक हल कर सकती है ? अपने विचार लिखिए । 3

www.jsuniltutorial.weebly.com/

How can solar energy solve the energy problem to some extent in India ? Give your opinion.

20. लोकतान्त्रिक व्यवस्था किस प्रकार नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के प्रति उत्तरदायी और ज़िम्मेवार है ? विश्लेषण कीजिए । 3

How is democracy accountable and responsive to the needs and expectations of the citizens ? Analyse.

21. "वैश्वीकरण और उत्पादकों के बीच बृहत्तर प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5×1=5

"Globalisation and greater competition among producers has been advantageous to consumers." Support the statement with examples.

22. भारत में प्रथम विश्व युद्ध द्वारा थोपी गई किन्हीं पाँच प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए । 5×1=5

Explain any five major problems posed by the First World War in India.

23. आरंभिक वर्षों में सूती वस्त्र उद्योग कपास उत्पादन क्षेत्रों तक ही क्यों संकेन्द्रित था ? स्पष्ट कीजिए । 5

Why was the cotton textile industry concentrated in the cotton growing belt in the early years ? Explain.

24. भारत की अर्थव्यवस्था में बैंक किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 5

How do banks play an important role in the economy of India ? Explain.

25. भारत में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन कौन-सा है ? इसके विभिन्न रूपों के महत्त्व का आकलन कीजिए । 1+4=5

Which is the most abundantly available fossil fuel in India ? Assess the importance of its different forms.

QUESTION PAPER @2015 For SA2

26. "दुनियाभर में लोकतंत्र का विकास जन संघर्षों और आंदोलनों से हुआ है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । 5

JSUNIL TUTORIAL

"The democracy has been evolved through struggles and movements all over the world." Support the statement with examples.

www.jsuniltutorial.weebly.com/

27. राजनीतिक दल का क्या अभिप्राय है ? राजनीतिक दल के तीन अवयवों का वर्णन कीजिए । 2+3=5

What is meant by a political party ? Describe the three components of a political party.

28. फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों द्वारा उठाए गए किन्हीं पाँच कदमों का वर्णन कीजिए, जिससे फ्रान्सीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पैदा हो सकी ।

अथवा

'मेकोंग डेल्टा क्षेत्र' के विकास के लिए फ्रान्सीसियों द्वारा उठाए गए किन्हीं पाँच कदमों का वर्णन कीजिए । 5

Describe any five steps taken by the French Revolutionaries to create a sense of collective identity among the French people.

**OR**

Describe any five steps taken by the French for the development of the 'Mekong Delta Region'.

**29.** तीन लक्षण A, B और C, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *3×1=3*

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जो किसानों के सत्याग्रह से जुड़ा था ।

C. वह स्थान जो असहयोग आन्दोलन को वापस लेने से जुड़ा था ।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of **India** (on page 9). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place where the Indian National Congress Session was held. Lahore

B. The place associated with the Peasant's Satyagraha. Champaran

C. The place related to calling off the Non-Cooperation Movement. Chora Chauri

QUESTION PAPER @2015 For SA2
JSUNIL TUTORIAL
www.jsuniltutorial.weebly.com/

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 29 :*

(29.1) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन दिसम्बर 1920 में हुआ था ।

(29.2) उस स्थान का नाम लिखिए, जो नील की खेती करने वाले किसानों के आन्दोलन से जुड़ा था ।

(29.3) उस स्थान का नाम लिखिए, जो गुजरात में किसानों के सत्याग्रह से जुड़ा था । *3×1=3*

(29.1) Name the place where the Indian National Congress Session was held in December 1920.

(29.2) Name the place associated with the movement of Indigo Planters.

(29.3) Name the place related to the Satyagraha of peasants in Gujarat.

**30.** (30.1) दो लक्षण A और B, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

QUESTION PAPER @2015 For SA2

A. लौह-अयस्क खानें

B. पूर्व-पश्चिम गलियारे का सिरे का स्टेशन

JSUNIL TUTORIAL

(30.2) निम्नलिखित को भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दर्शाइए और उसका नाम लिखिए : *1*

http://www.jsuniltutorial.weebly.com/

विशाखापट्नम — सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(30.1) Two features A and B are marked on the given political outline map of **India** (on page 11). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. Iron-ore mines

B. Terminal Station of East-West Corridor

(30.2) On the same political outline map of India, locate and label the following :

Vishakhapatnam — Software Technology Park

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :*

(30.1) बेलाडिला लौह-अयस्क खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(30.2) पूर्व-पश्चिम गलियारे के पश्चिमी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

(30.3) कर्नाटक राज्य में स्थित प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम लिखिए । *3×1=3*

(30.1) In which state are Bailadila Iron-ore mines located ?

(30.2) Name the Western Terminal Station of East-West Corridor.

(30.3) Name the well-known Software Technology Park located in Karnataka State.